सताओ ना हमें लोगों हमें दिल की बीमारी है,

सताओ ना हमें लोगो हमें दिल की बीमारी है,
हमारा वैध दुनियां में वो बाँके बिहारी है ।।

उसी ने दर्द दे कर मेरा ये हाल कर डाला,
लगाया रोग अब ऐसा मुझे बेहाल कर डाला,
दवा देगा वही आ के उसी की इंतज़ारी है,
सताओ न हमें लोगों हमें दिल की बीमारी है ।।

मेरे अपनों में है मोहन मेरे सपनों में हैं मोहन
जिधर भी देखती हूँ मैं नज़र आते हैं मनमोहन
उसी के नाम की देखो चढ़ी मुझको खुमारी है
सताओ न हमें लोगो हमें दिल की बीमारी है ।।

यहीं गम है की अब तक देखने वो क्यूँ नहीं आया
हुयी क्या भूल हमसे श्याम ने जो मुझको बिसराया
नहीं मारा नहीं छोड़ा गजब का वो शिकारी है
सताओ ना हमे लोगों हमें दिल की बीमारी है ।।

दिखा जलवा लगा कर रोग जाने कहाँ गया दिलबर
ना दिल की दिल में रह जाये ज़रा तो देख लो आ कर
नब्ज एक बार तो देखो यही विनती हमारी है

सताओ ना हमें लोगो हमें दिल की बीमारी है।।

सताओ ना हमे लोगो हमें दिल की बीमारी है,
हमारा वैध दुनियां में वो बाँके बिहारी है।।

Source:
https://www.bharattemples.com/satao-na-hame-logo-hame-dil-ki-bimari-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw